Nai Dunia (Indore), 21st January 2020, Nai Dunia Live, Page-15

# आईआईटी इंदौर में डाटा पर चर्चा करेंगे विशेषज्ञ

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में 'मध्य ब्रह्मांड के प्रथम एक अरब वर्ष' विषय पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कांफ्रेंस संस्थान के खगोल विज्ञान, खगोल भौतिकी एवं अंतरिक्ष अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम के तहत 27 से 31 जनवरी तक विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। जिनका उद्देश्य विश्व की उत्पत्ति के बारे में विद्यार्थियों को समझाना है। इसके लिए विश्व के सबसे बड़े टेलीस्कोप स्क्वेयर मीटर का प्रयोग किया जाएगा कि कैसे ब्रह्मांड को उसके शुरुआती दौर में समझा जा सकता है। इससे पहले सोमवार को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के अनास्तासिया फियाल्कोव, यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन नीदरलैंड से ऐनी हटर ने इस संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा की।